# समाचार

## लायंस क्लब बालकोनगर ने बनाई अपनी विशिष्ट पहचान–विधायक

### (लायंस क्लब बालकोनगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महापौर एवं नगर विधायक ने मोतीसागरपारा कुष्ठ आश्रम में किया वृक्षारोपण)

कोरबा 23 अगस्त 2015–नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा कि लायंस क्लब बालकोनगर ने अपने सामाजिक कार्यो एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के द्वारा अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, समय–समय पर लायंस क्लब के द्वारा किये जा रहे जनउपयोगी कार्यो का लाभ समाज के लोगों को प्राप्त हुआ है, मुझे विश्वास है कि लायंस क्लब बालकोनगर भविष्य में भी अपनी इस विशेष पहचान को कायम रखेंगा तथा सामाजिक कल्याण की दिशा में उसके द्वारा सतत रूप से कार्य सम्पादित होते रहेंगे।

उक्ताशय के विचार विधायक श्री अग्रवाल ने आज पुराने कोरबा शहर मोतीसागरपारा स्थित कुष्ठ आश्रम में लायंस क्लब बालको नगर द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 323 सी लायंस क्लब बालकोनगर के द्वारा मोतीसागरपारा कुष्ठ आश्रम परिसर स्थित लायंस भवन के परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए वृक्षारोपण किया तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किये। इस मौके पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने लायंस क्लब बालकोनगर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को उनके द्वारा किये जा रहे समाज उपयोगी उत्कृष्ट कार्यो के लिए धन्यवाद दिया, उन्होने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी क्लब द्वारा इस तरह के कार्य संचालित होते रहेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने आगे कहा कि लायंस क्लब बालकोनगर द्वारा स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत महिलाओं के लिए सिलाई, कढ़ाई, बुनाई आदि के प्रशिक्षण कार्य का संचालन किया जा रहा है तथा समाज के गरीब निर्धन व जरूरतमंद परिवार की महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। निश्चित रूप से यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि लायंस क्लब बालकोनगर द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी बनाने के साथ–साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में अपनी ठोस भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित होकर महिलाएं आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनेगी तथा अपने बच्चों व परिवार का पालन पोषण सही ढंग से कर सकेंगी। विधायक श्री अग्रवाल ने लायंस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा कि यह सराहनीय कार्य आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा, यह मैं विश्वास रखता हूं। उन्होने कहा कि इस वार्ड की महिलाओं के साथ–साथ अन्य वार्डो की महिलाओं को भी यहां पर सिलाई, कढ़ाई व बुनाई आदि का प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि उन्हे भी इसका लाभ प्राप्त हो।

कार्यक्रम के दौरान वार्ड पार्षद बबीता वाल्मिकी, लायंस क्लब बालकोनगर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, सचिव अनील यादव, पूर्व सभापति संतोष राठौर, कैलाश अग्रवाल, डी.के. कुदेशिया, स्मृति केशरवानी, पी.एल.सोनी, एस.सी. गिरधर, बी.के. सिंह, पवन शर्मा, शिव अग्रवाल, आर.एन. ओझा, सुभाष पटेल आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)